भर्ती हेतु सूचना

परामर्शदाता–स्वास्थ्य सेवा वित्तपोषण (एचसीएफ)

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है। एनएचएसआरसी को स्वास्थ्य नीति/कार्यक्रम डिजाइन में योगदान करने का भी दायित्व सौंपा गया है।

यदि आप स्वास्थ्य साम्या और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं, तो यहां आपके लिए एक ऐसी टीम के साथ कार्य करने का एक अनोखा अवसर है, जो भारत में जन स्वास्थ्य परिदृश्य को आकार प्रदान कर रही है। यह पद, अपको राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरों पर उपलब्ध क्रियान्वयन सहायता के माध्यम से स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी में सुधार करने और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम लाने की प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है। विविध टीमों के साथ कार्य कर आप सेवा प्रदायगी प्रणाली, सबके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य वित्तपोषण, गुणवत्तापूर्ण सेवाएं, जन स्वास्थ्य नियोजन और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने संबंधी विविध चुनौतियों का समाधान खोज सकेंगे, अनुकूलित कर सकेंगे, सह–निर्माण और परीक्षण कर सकेंगे।

यह, स्वास्थ्य प्रणाली के व्यापक सुदृढ़ीकरण में सहयोग करने, जिला और उप–जिला कार्यान्वयन से सीख लेने, जानकारी का उपयोग करने, और स्वास्थ्य सेवाओं के सार्वजनीकरण की संकल्पना को साकार करने का एक अवसर है।

एनएचएसआरसी के स्वास्थ्य सेवा वित्तपोषण प्रभाग को निम्नलिखित कार्य करने का दायित्व सौंपा गया है:

- भारत और राज्यों में स्वास्थ्य लेखा का संस्थानीकरण,
- निष्पादन आधारित भुगतान पर ध्यान केंद्रित करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत निधि प्रवाहों को तर्कसंगत बनाने और सुधार करने के लिए रूपरेखा/प्रणाली विकसित करना।
- सेवा की कार्यकुशलता, गुणवत्ता और तर्कसंगतता में सुधार करने के लिए रणनीतिक खरीद और स्वास्थ्य सेवा वित्तपोषण की सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं के दस्तावेज तैयार करना।
- सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं और स्वास्थ्य बीमा पैकेजों के समुचित मूल्य निर्धारण के लिए स्वास्थ्य सेवाओं का लागत निर्धारण।

भूमिकाएं एवं दायित्वः

- स्वास्थ्य लेखा उत्पादन टूल का उपयोग करते हुए संघ और राज्यों के लिए वार्षिक स्वास्थ्य लेखा तैयार करने में सहयोग करना।
- स्वास्थ्य लेखा की विधियों में सुधार तथा उनके लिए नवीन आंकड़ा स्रोतों की पहचान/उपयोग करना। प्रतिष्ठानों और गैर–सरकारी संगठनों से स्वास्थ्य व्यय के आंकड़े प्राप्त करने के लिए बड़े पैमाने पर सर्वेक्षण करना।
- सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज का वित्तपोषण और यूएचसी और एसडीजी की वित्तीय प्रगति की निगरानी की विधियों से संबंधित अवधारणा पर कार्य में सहयोग करना।
- स्वास्थ्य सेवा वित्तपोषण नीति, बजट आबंटन और व्यय तथा परिवारों द्वारा अपने पास से किए गए व्यय से संबंधित शोध प्रकाशित करना।
- कार्यकुशलता, गुणवत्ता और तर्कसंगतता में सुधार करने के लिए रणनीतिक खरीद और स्वास्थ्य सेवा वित्तपोषण की सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं के दस्तावेज तैयार करने में सहयोग करना।
- स्वास्थ्य सेवाओं के लागत निर्धारण में सहयोग करना और टीम आधारित निष्पादन प्रोत्साहनों पर कार्य करना।
- स्वास्थ्य सेवा वित्तपोषण से संबंधित पहलुओं पर विशेषज्ञ बैठकों, सरकार/एनएचएसआरसी का प्रतिनिधित्व करने वाली अन्य

संस्थाओं की समितियों की बैठकों में भाग लेना।

- केंद्र, क्षेत्रीय, जिला और स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर आम तौर पर स्वास्थ्य सेवा वित्तपोषण विषय पर कार्यशालाओं, संगोष्ठियों, सम्मेलनों और प्रशिक्षणों के आयोजन में स्वास्थ्य सेवा वित्तपोषण टीम की सहायता करना।
- सलाहकार/स्वास्थ्य सेवा वित्तपोषण के टीम नेतृत्व और कार्यकारी निदेशक, एनएचएसआरसी द्वारा सौंपे गए अन्य कार्य करना।

योग्यता एवं अनुभवः

जन स्वास्थ्य/स्वास्थ्य प्रबंध या स्वास्थ्य वित्तपोषण में स्नातकोत्तर योग्यता सहित किसी प्रतिष्ठित संस्थान से चिकित्सा/दंत चिकित्सा/आयुर्वेद में स्नातक उपाधि; एमबीए (वित्त) या स्वास्थ्य वित्तपोषण में कार्य सहित अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट या एमफिल– अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधिधारक पर भी विचार किया जा सकता है बशर्ते अभ्यर्थी के स्वास्थ्य से संबंधित लेख प्रकाशित हुए हों।

स्वास्थ्य सेवा वित्तपोषण पर ध्यान केंद्रत करने सहित स्वास्थ्य क्षेत्र में योग्यता उपरांत कार्य करने का न्यूनतम 2 वर्षों का अनुभव।

अन्य विशेषताएंः

- टीम में कार्य करने वाला, सरकारी पदाधिकारियों, प्रशासन, समुदाय के प्रतिनिधियों, और अन्य घरेलू/अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के साथ कार्य करने की योग्यता का प्रदर्शन।
- अंग्रेजी भाषा में उत्कृष्ट संप्रेषण कौशल (लिखित एवं प्रस्तुति कौशल सहित) और हिंदी भाषा का कार्यसाधक ज्ञान।
- एमएस ऑफिस (वर्ड/एक्सेल/पावर पाइंट) सहित कंप्यूटर में प्रवीणता और सर्च इंजिन आधारित अनुसंधान कार्य करने की योग्यता। सांख्यिकीय पैकेजों (ईपीआई–इन्फो/एसपीएसएस/स्टैटा/एसएएस) का ज्ञान वांछनीय है।
- एक साथ कई कार्य करने और बढ़े हुए कार्य दबाव में समय सीमा का पालन करने की योग्यता।
- रणनीतिक सोच और नेतृत्व कौशल।

उच्च गुणवत्तापूर्ण प्रकाशित कार्य या विशिष्ट सुससंगत कार्य अनुभव होने पर औपचारिक शैक्षणिक योग्यता और अनुभव में ढील दी जा सकती है।

आयु सीमाः 40 वर्ष (आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को)
*उपयुक्त अभ्यर्थी के लिए आयु में ढील दी जा सकती है।*

कार्य स्थलः नईदिल्ली, आवश्यकतानुसार यात्रा करने का इच्छुक।

पारिश्रमिक सीमाः प्रतिमाह 44,000/– रु. से 99,000/– रु. के बीच
***योग्यता एवं अनुभव के आधार पर पारिश्रमिक का निर्धारण किया जाएगा।*

आवेदन करने के लिएः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को 26 मार्च, 2020 तक **recruitments.nhsrc@gmail.com** पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।